Principal: *Nicky Walker*
Assistant Principal: *Anne McDonald*
Assistant Principal: *Kerry Bates*
Assistant Principal: *Mick Sweeney*
Business Manager: *Nicholas Macura*

19.5.2020

CCPS COVID-19 रिटर्न टू स्कूल (स्कूल वापिस जाने से सम्बन्धित) दिशा-निर्देश

स्कूल स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय

- ऑस्ट्रेलियाई स्वास्थ्य संरक्षण मुख्य समिति (Australian Health Protection Principal Committee - AHPPC) ने यह सलाह दी है कि कक्षाओं या कॉरिडोर में प्रति चार वर्ग मीटर में एक से अधिक व्यक्ति के न होने का 'स्थल घनत्व नियम' उचित या आभ्यासिक नही है, न ही कक्षाओं की गतिविधियों के दौरान विद्यार्थियों के बीच 1.5 मीटर की दूरी बनाए रखनी उचित या आभ्यासिक है। इसलिए, प्रति कक्षा 10 विद्यार्थियों की पहले से स्थापुत दर की अब स्कूलों में आवश्यकता नहीं है।
- सभी स्कूली कर्मचारियों की ट्राज़िशन (अवस्थांतर) हेतु तैयारी में समर्थन करने के लिए **सोमवार 25 मई 2020 विद्यार्थी-मुक्त दिवस होगा।** स्कूल इस दिन का प्रयोग यह सुनिश्चित करने के लिए करेंगे कि उनके स्कूल में स्वास्थ्य सलाह का अनुपालन किया जाए, स्कूली दिनचर्या को पुन: स्थापित किया जाए, रिमोर्ट और अनुकूलनीय शिक्षा-प्राप्ति की समयावधि के दौरान विद्यार्थी की शिक्षा प्रगति का आकलन करने के लिए एक विधि स्थापित की जाए, और उन विद्यार्थियों की पहचान की जाए जिन्हें तात्कालिक स्वास्थ्य एवं कल्याण समर्थन की आवश्यकता है।
- हम स्थिति को स्वीकार करते हुए, विद्यार्थियों को सामान्य दिनचर्या में लौटने के लिए समर्थन करने की महत्ता को मान्यता देते हैं, जो घटित हो रहा है उसके बारे में विकासात्मक तौर पर उचित सूचना प्रदान करते हैं, तथा साथ ही विद्यार्थियों के लिए अपनी चिंताएँ और भावनाएँ वयक्त करने के लिए एक सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराते हैं।

स्कूली स्थल पर वापिस आने वाली सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों से स्कूल में उपस्थित होने की उम्मीद की जाएगी। स्कूलों से यह उम्मीद नहीं की जाती है कि वे उस स्थिति में रिमोर्ट तौर पर शिक्षा-प्राप्ति कार्यक्रम उपलब्ध कराएँ जहाँ माता-पिता ऐसे विद्यार्थियों को घर पर रखने का फैसला लेते हैं, उन स्थितियों के अलावा जहाँ ऐसा चिकित्सीय आधार पर किया जाता हो। यदि ऐसा है तो अपने उप-स्कूल सहायक प्रिंसिपल से संपर्क करें।

फाउंडेशन - ग्रेड 2: Anne McDonald
ग्रेड 2 से लेकर ग्रेड 6: Mick Sweeney
कल्याण: Kerry Bates

15 Silky Oak Drive
Cranbourne, 3977
Phone: 5991 3600
Email: cranbourne.carlisle.ps@edumail.vic.gov.au
Website: http://www.cranbournecarlisleps.vic.edu.au

"Many Cultures One Community"

अन्य स्वास्थ्य एवं सुरक्षा उपाय

- प्लेग्राउंड उपकरण का प्रयोग किया जा सकता है। परन्तु, विद्यार्थी प्रयोग से पहले और इसके बाद हाथ धोएँगें। साफ-सफाई के बढ़ाए कार्यक्रम के भाग के तौर पर अस्पताल स्तर के कीटाणुनाशक के साथ रिसेस और लंचटाइम के बाद प्लेग्राउंड्स को साफ किया जाएगा।
- यदि सांझे उपकरण का प्रयोग किया जाता है, तो प्रयोग से पहले और इसके बाद कड़े तौर पर हाथों की साफ-सफाई करने का अनुपालन किया जाएगा।
- विद्यार्थियों के लिए यह ज़रुरी होगा कि वह प्रयोग के लिए अपनी खुद की पानी की बोतल स्कूल लाएँ क्योंकि विद्यार्थियों को सीधे ड्रींकिंग फाउंटेन से पानी पीने की अनुमति नहीं होगी।
- DET *की विद्यार्थियों द्वारा मोबाइल फोन प्रयोग करने की नीति* अभी भी बनी रहेगी। विद्यार्थियों से हर सुबह कार्यालय में अपना फोन जमा कराते समय क़ीटाणुनाशक वाइप से इसे साफ करने को कहा जाएगा। फोन पर स्कूल से पहले और इसके बाद तुरंतर COVID SAFE एप ऐक्टिवेट की जा सकती है। स्कूल प्रबंधित परिवेश होते हैं जिनमें विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आगंतुक उपस्थिति के रिकॉर्ड्स शामिल हैं, जिनसे संपर्क का पता लगाने में समर्थन मिल सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण

यदि आपको अपनी संतान के मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण के बारे में विशेष चिंताएँ हैं, तो कृपया जितनी जल्दी संभव हो सहायक प्रिंसिपलों को इसकी सूचना दें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम किन्हीं उपलब्ध सेवाओं व समर्थनों को प्राप्त कर सकते हैं।

फाउंडेशन - ग्रेड 2: Anne McDonald
ग्रेड 2 से लेकर ग्रेड 6: Mick Sweeney
कल्याण: Kerry Bates

साफ-सफाई

साफ-सफाई के विस्तृत तथा अधिक प्रबंध शुरु किए गए हैं और ये जारी रहेंगे। इसमें पूरे दिन के दौरान प्रगतिशील तौर पर साफ-सफाई करना शामिल है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक बार स्पर्श की जाने वाली सतहों के लिए संक्रमण के खतरों को कम किया जा सके।

स्थल पर उपस्थिति

15 Silky Oak Drive
Cranbourne, 3977
Phone: 5991 3600
Email: cranbourne.carlisle.ps@edumail.vic.gov.au
Website: http://www.cranbournecarlisleps.vic.edu.au

कोरोनावायरस (COVID-19) के संक्रमण के खतरे को कम करने के लिए स्कूली समुदाय द्वारा की जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण कार्यवाहियों में से एक कार्यवाही यह सुनिश्चित करना है कि कोई अस्वस्थ कर्मचारी, बच्चे और युवा घर पर ही रहें।

हालाँकि वायरस के संक्रमण का खतरा बहुत कम है, जो कर्मचारी या विद्यार्थी गंभीर रोग के सबसे अधिक खतरे में हों, उन्हें अपने चिकित्सीय व्यवसायी से इस समय स्थल पर उपस्थिति के लिए व्यक्तिगत तौर पर उपयुक्तता का आकलन कराना चाहिए।

क्योंकि स्कूली परिवेश में कोरोनावायरस (COVID-19) के संक्रमण का मुख्य खतरा वयस्कों के बीच है, इसलिए स्कूली मैदान में आने वाले आगंतुकों को उन तक ही सीमित रखा जाएगा जो अत्यावश्यक स्कूली सेवाएँ और संचालन प्रदान या इनका समर्थन करने के लिए वहाँ आएँगे। यदि माता-पिता को किसी कारणवश स्कूल से संपर्क करने की ज़रुरत है, तो कृपया स्कूल के कार्यालय को फोन करें

सभी अस्वस्थ कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए यह ज़रुरी है कि वे घर पर रहें।

जिन विद्यार्थियों की पेचीदा चिकित्सीय आवश्यकताएँ हैं (इसमें कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले विद्यार्थी शामिल हैं) उनके माता-पिता/देखरेखकर्ताओं को इस निर्णय का समर्थन लेने के लिए विद्यार्थी के चिकित्सीय व्यवसायी से सलाह लेनी चाहिए कि क्या उनके लिए स्थल पर शिक्षा उचित है, इस बात पर ध्यान देते हुए कि विक्टोरिया में कोरोनावायरस (COVID-19) महामारी की स्थिति पर निर्भर करते हुए यह सलाह बदल सकती है। यह DET की स्वास्थ्य देखरेख आवश्यकता नीति के अनुसार है। स्कूल इस क्षेत्र में अतिरिक्त आवश्यकताओं वाले किसी परिवार का समर्थन करेगा।

स्कूल की एसेम्बलियों, सैर-सपाटों, कैंप और अन्य गैर-अत्यावश्यक बड़ी सभाओं को अगले नोटिस तक स्थगित किया जाता है।

स्वच्छता

हर कोई हाथों की प्रभावी स्वच्छता जारी रखकर अपने आप की सुरक्षा और कोरोनावायरस (COVID-19) के फैलाव की रोकथाम कर सकता है। स्वच्छता के अधिक उपाय स्कूली स्थल पर लौटने के दौरान शिक्षण और शिक्षा-प्राप्ति में जारी रहेंगे।

- सभी कर्मचारी और विद्यार्थी नियमित तौर पर हाथों की स्वच्छता को अमल में लाएँगे, विशेष तौर पर स्कूल आने पर , भोजन खाने से पहले और इसके बाद, अपना नाक साफ करने, खांसने, छींकने या शौचालय का प्रयोग करने के बाद। जहाँ ज़रुरी होगा कर्मचारी इसके लिए निर्देश देंगे या इसपर नज़र रखेंगे।
- जहाँ साबुन और पानी तुरंत उपलब्ध नहीं होगा, हर अधिकृत कमरे में हैंड सेनीटाइज़र उपलब्ध कराया जाएगा।

15 Silky Oak Drive
Cranbourne, 3977
Phone: 5991 3600
Email: cranbourne.carlisle.ps@edumail.vic.gov.au
Website: http://www.cranbournecarlisleps.vic.edu.au

- विद्यार्थियों को इस समय सीधे ड्रिंकिंग फाउंटेन से पानी पीने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसकी बजाए उन्हें प्रयोग (और दोबार भरने) के लिए अपनी खुद की पानी की बोतल स्कूल लानी चाहिए।

स्कूल आना-जाना

क्योंकि स्कूली परिवेश में कोरोनावायरस (COVID-19) के होने का मुख्य खतरा वयस्कों से है, इसलिए स्कूली समुदाय के वयस्क सदस्यों के बीच करीबी संपर्क से बचाव किया जाना चाहिए, विशेषकर स्कूल ड्राप-आफ और पिक के दौरान

- कर्मचारियों और माता-पिता के लिए यह ज़रुरी है कि वे स्कूली क्षेत्र के अंदर या इसके आसपास जमा न होकर शारीरिक दूरी के उपायों का अनुपालन करें।
- स्कूल में और स्कूल के प्रवेश द्वारों पर शारीरिक दूरी को अमल में लाने और विद्यार्थियों व वयस्कों के बीच बातचीत को कम से कम करने के प्रबंधों में शामिल होंगे:
  - वयस्कों के बीच अंतराल को बढ़ावा देने के लिए स्कूल के द्वार पर डॉट लगाने
  - माता-पिता को स्थल पर आने की अनुमति नहीं है और उन्हें आवश्यकतानुसार स्कूल से फोन या ई -मेल पर संपर्क करने का निवेदन किया जाता है
  - अत्यावश्यक बैठकें वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से होंगी।
  - किसी भी बातचीत में सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा और अभिनन्दन गैर-संपर्क वाले होने चाहिए
  - यदि ज़रुरी हो तो संभावित तौर पर ड्राप ऑफ और पिक अप के प्रबंधित समय ताकि स्कूल गेट या कक्षा के बाहर इकट्ठा होने वाले वयस्कों की संख्या को कम किया जा सके

15 Silky Oak Drive
Cranbourne, 3977
Phone: 5991 3600
Email: cranbourne.carlisle.ps@edumail.vic.gov.au
Website: http://www.cranbournecarlisleps.vic.edu.au